## एक नजर

### जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं 19 से

**शाहजहांपुर।** परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह स्टेडियम हथौड़ा में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताएं 19 मार्च से कराई जाएंगी। जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया ने बताया कि खेल निदेशालय के निर्देश पर 19 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे से जिला स्तरीय पुरुष वर्ग की सीनियर वेटलिफ्टिंग एवं फुटबाल प्रतियोगिता और 20 मार्च को जिला स्तरीय सीनियर हॉकी और महिला-पुरुष वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिता होगी। स्कूल, कॉलेज, क्लब की टीमें और खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं।

### सहकारी बैंक की सिंधौली शाखा का लोकार्पण आज

**शाहजहांपुर।** सहकारिता मंत्री जे पी एस राठौर आज पूर्वाह्न 11 बजे जिला सहकारी बैंक की नवनिर्मित सिंधौली शाखा का वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सौरभ द्विवेदी ने बताया कि सहकारिता मंत्री जेपी राठौर बैंक शाखा के बाद कुर्रिया कलां, इकरीखेड़ा व दहेलिया में 100 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदामों का शिलान्यास करेंगे।

### बालामऊ तक जाएगी लखनऊ पैसेंजर

**शाहजहांपुर।** सीएमआई एसके ठाकुर ने बताया कि टोडरपुर स्टेशन पर नॉन इंटरलाकिंग कार्य को लेकर शनिवार से 21 मार्च तक डाउन व अप लाइन की शाहजहांपुर-लखनऊ तथा लखनऊ-शाहजहांपुर पैसैंजर ट्रेन बालामऊ रेलवे स्टेशन तक जाएगी। लखनऊ नहीं जाएगी।

# छात्रवृत्ति फॉर्म रद होने पर छात्रों का प्रदर्शन

## जानबूझकर फॉर्म रिजेक्ट करने का आरोप, जिले के 3000 से ज्यादा बच्चे प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



विकास भवन में प्रदर्शन करते छात्र। • अमृत विचार

- **विकास भवन पहुंचे विद्यार्थियों ने समाज कल्याण अधिकारी सहित कई अफसरों से की मामले की शिकायत**

**अमृत विचार:** जिले के लगभग 3000 छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति आवेदन फार्म खारिज हो गए हैं। इसको लेकर शुक्रवार को तमाम विद्यार्थी विकास भवन पहुंचे। छात्रों ने प्रदर्शन कर छात्रवृत्ति देने की मांग की। कुछ छात्रों ने निराधार तरीके से फॉर्म रद करने का आरोप लगाया। जबकि समाज कल्याण विभाग ने संदिग्ध होने के चलते फॉर्म रद्द होने की बात कही है।

आरएमएल कॉलेज पुवायां, आईटीआई और जीएफ कॉलेज सहित कई कॉलेजों के छात्र सोमवार सुबह विकास भवन पहुंचे। छात्रों ने बताया कि जर्नल, ओबीसी और एससी/एसटी सहित सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं को सरकार की ओर से छात्रवृत्ति दी जाती है। बीते वर्ष एससी के छात्रों को प्रति छात्र 68000 रुपये तक छात्रवृत्ति दी गई थी। इस बार भी छात्रों को छात्रवृत्ति देने की घोषणा सरकार ने की थी। उम्मीद थी कि उन्हें छात्रवृत्ति मिलेगी। उन्होंने फॉर्म भर दिए। बीए, बीएससी, बीकॉम, बी फार्मा, डी फार्मा सहित तमाम कोर्सेज के बच्चों ने फॉर्म भरे। उम्मीद थी कि छात्रवृत्ति आ जाएगी क्योंकि बहुत सारे बच्चे गरीब तबके से आते हैं। ऐसे छात्रों को पढ़ाई के लिए खर्च जुटाना मुश्किल होता है। हाल ही में उन्हें पता चला कि उनका फॉर्म किसी तकनीकी कारण से रद्द हो गया है। इसके बाद वह विकास भवन पहुंचे हैं। छात्रों ने कहा कि भारी संख्या में छात्र ऐसे हैं, जिनका फॉर्म निराधार रूप से निरस्त कर दिया गया है। जिला छात्रवृत्ति कमेटी की ओर से फॉर्म की ठीक से जांच नहीं की गई। जिसके चलते आज छात्रों को इस स्थिति में पहुंचना पड़ा है। छात्रों ने कहा कि ऑनलाइन देखने पर करंट स्टेटस रिजेक्ट दिख रहा है, लेकिन फॉर्म रद्द करने का कोई सही कारण नहीं बताया जा रहा है। लगभग 1700 बच्चों के फॉर्म जिला छात्रवृत्ति कमेटी से रद्द हुए हैं। जबकि 1386 छात्र-छात्राओं के फॉर्म प्रदेश मुख्यालय से रद्द किए गए हैं। 370 एससी/एसटी के फॉर्म रद्द किए गए हैं। कई छात्र-छात्राओं ने बताया कि जिला छात्रवृत्ति कमेटी को सही से जांच करनी थी, लेकिन उन्होंने सही से जांच नहीं की। जिसका खामियाजा आज छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वह वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से मिलकर अपनी बात रखेंगे और छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दिलाने की मांग करेंगे। इस दौरान उदयवीर सिंह, मनमोहन सिंह, आशीष कुमार, आकाश कुमार, धीरज, प्रिया, टिंकू सिंह, बृजेश आदि मौजूद रहे।

> संदिग्ध होने के चलते छात्र-छात्राओं के फॉर्म रद किए गए हैं। कुछ छात्रों ने शिकायत की है। प्रकरण को दिखवाया जा रहा है। **-वंदना सिंह,** जिला समाज कल्याण अधिकारी।

## बजाज मिल के वाहनों की फिटनेस एक्सपायर




बिना फिटनेस के चल रहे हैं वाहन।

**मकसूदापुर, अमृत विचार:** मकसूदापुर स्थित बजाज चीनी मिल और पावर प्लांट में फिटनेस एक्सपायर होने के बावजूद वाहन चल रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के क्रम में मिल ने कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। जबकि उनके ही परिसर में कई वाहन बिना फिटनेस के ही रफ्तार भर रहे हैं और लोगों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। दूसरी ओर मिल की ओर से दूसरों को जागरूक किया जा रहा है।

बिना फिटनेस के चल रहे वाहनों के संबंध में जानकारी लेने पर इकाई प्रमुख आरबी खोखर ने बताया कि ऐसे वाहनों की जानकारी कर उनके डॉक्यूमेंट ठीक कराए जाएंगे। बजाज चीनी मिल के सुरक्षा अधिकारी ज्ञान प्रकाश ने बताया कि उन्हें ऐसे वाहनों की जानकारी नहीं है। ऐसे वाहनों की जानकारी कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# दिव्यांग बच्चों को चिह्नित कर शिक्षा से जोड़ने पर बल



नगर संसाधन केंद्र किला पर कार्यशाला को संबोधित करते बीईओ नगेंद्र सिंह।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **किला पर हुई एसएमसी और शिक्षकों की कार्यशाला**
- **किला स्कूल के अध्यक्ष को बीईओ ने किया सम्मानित**

**अमृत विचार:** राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देश पर परिषदीय स्कूलों की विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष, सचिव एवं अध्यापकों की उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को नगर संसाधन केंद्र किला पर किया गया। कार्यशाला में नगर क्षेत्र के बेसिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं समितियों के पदाधिकारी शामिल हुए।

इस अवसर पर मो. लतीफ ने समिति के गठन और उसके महत्व की जानकारी दी। इमरान सईद खां ने कायाकल्प योजना, मो. आदिल ने निपुण मिशन, कामिल ने नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डाला। मनोज कुमार ने दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने पर बल दिया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी नगेंद्र सिंह ने किला विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष जावेद खां को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया।

खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रधान अध्यापकों का आह्वान किया कि वह नियमित रूप से एसएमसी की मासिक बैठक करते रहें। कार्यशाला में ममता अरोरा, नीतू, तबस्सुम हयात, अंजुम आरा, अज़रा बेगम, शोभित श्रीवास्तव, मुख्तार, रशीद अहमद, अनीता, ज्योति, सुनीता, रूपा, आशाराम, रविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# महिमा व जोहा ने जीती निबंध प्रतियोगिता



विजेताओं को प्रमाण देते प्राचार्य डॉ. मोहम्मद तारिक। • अमृत विचार

- **जीएफ कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन**
- **बीए द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जीएफ कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग में भारतीय संस्कृति की विविधता में एकता विषय पर निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शुक्रवार को हुई प्रतियोगिता में बीए द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम सेमेस्टर की छात्रा महिमा दीक्षित ने प्रथम, संध्या ने द्वितीय तथा गुलाबी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा जोहा खान ने प्रथम, रज़िया खान ने द्वितीय, निकिता यादव और गोमती ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्य डॉ. मोहम्मद तारिक ने विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नीलम टंडन ने आभार व्यक्त किया। आयोजन सचिव डॉ. शाजिया अंसारी का सहयोग रहा।

# आज से जंचेंगी हाईस्कूल, इंटर की कॉपियां, परीक्षक आवंटित

**यूपी बोर्ड**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **छह केंद्रों पर इंटर और हाईस्कूल की जांची जाएंगी 454897 कॉपियां**
- **क्षेत्रीय सचिव ने बरेली में बैठक कर बोर्ड से प्राप्त दिशा निर्देशों से सभी को अवगत कराया**

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन जिले में आज से शुरू हो जाएगा। मूल्यांकन के लिए हाईस्कूल के दो और इंटर के चार केंद्र बनाए गए हैं। शुक्रवार को सभी केंद्रों पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

क्षेत्रीय सचिव ने बरेली स्थित कार्यालय में केंद्र प्रभारियों की बैठक कर बोर्ड से प्राप्त दिशा निर्देशों से सभी अवगत कराया। क्षेत्रीय सचिव ने सभी को छात्रहित में स्टेप मार्किंग करने के निर्देश दिए हैं। मूल्यांकन नियंत्रक डीआईओएस हरिवंश कुमार की देखरेख में चलेगा। डीआईओएस ने बताया कि जिले में कुल 454897 कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा। बता दें कि इस बार एबी रिच इंटर कॉलेज (मिशन स्कूल) और स्वामी धर्मानंद सरस्वती में हाईस्कूल तथा जीआईसी, इस्लामिया, देवी प्रसाद और एसपी कॉलेज में इंटर की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराया जाएगा। जीआईसी में 12 विषयों की कॉपियों के मूल्यांकन के लिए 17 टोलियां बनाई गई हैं। बोर्ड से इस केंद्र के लिए 177 परीक्षक आवंटित किए गए हैं। इसी तरह इस्लामिया में 16 टोलियों में 158 परीक्षक, देवी प्रसाद में 15 टोलियों पर 158 परीक्षक नियुक्त किए गए हैं। इस केंद्र पर तीन विषयों का मूल्यांकन होना है। जबकि एसपी कॉलेज में 20 टोलियों में 120 परीक्षक नियुक्त हैं। यहां आठ विषयों की कॉपियां चेक होंगी।

हाईस्कूल की कॉपियों के मूल्यांकन के लिए एबी रिच में 57 टोलियों के लिए 523 परीक्षक नियुक्त किए गए हैं, यहां पांच विषयों का मूल्यांकन होना है।

स्वामी धर्मानंद में सर्वाधिक 58 टोलियों में 525 परीक्षक नियुक्त हैं। इस केंद्र पर नौ विषयों की कापियां चेक की जाएंगी।



जीआईसी में मूल्यांकन की तैयारियों को अंतिम रूप देते शिक्षक। • अमृत विचार

> यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए छह केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें चार इंटर के और दो हाईस्कूल के हैं। मूल्यांकन कार्य 16 से 31 मार्च तक चलेगा। शनिवार को मूल्यांकन शुरू करने से पहले परीक्षकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर मूल्यांकन संबंधी दिशा निर्देश दिए जाएंगे, ताकि किसी प्रकार का भ्रम न रहे। मूल्यांकन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए नियुक्त किए गए सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं अपने आवंटित मूल्यांकन केंद्र पर समय से पहुंचना सुनिश्चित करें।
> **-हरिवंश कुमार**, नियंत्रक/डीआईओएस

# खुदागंज में 48 दिव्यांगों को मिलीं ट्राइसाइकिलें



ट्राइसाइकिल पाकर खिले दिव्यांगजनों के चेहरे। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से विकासखंड खुदागंज में गुरुवार को कैंप लगाकर दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिलें बांटी गईं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कटरा विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने 48 दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक ने दिव्यांगजनों को सरकार की ओर से चलाई जा रहीं योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। ट्राइसाइकिल वितरण में जिला पंचायत सदस्य राजेश कुमार, खंड विकास अधिकारी अजय कुमार शर्मा, विभाग के वरिष्ठ सहायक राजेश कुमार, रवि कुमार आदि का सहयोग रहा।

## पॉपकार्न मेंकिग मशीनों का किया गया वितरण




लाभार्थी को प्रमाण पत्र देते ब्लॉक प्रमुख मुनेश्वर दयाल। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


**अमृत विचार:** मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र पिपरौला में आयोजित कार्यक्रम में ददरौल ब्लॉक प्रमुख मुनेश्वर दयाल ने नौ लाभार्थियों को निःशुल्क पॉपकार्न मेंकिग मशीनों का वितरण किया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी शिशुपाल सिंह ने बताया कि शुक्रवार को उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित निःशुल्क टूल किट्स वितरण योजना के तहत मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र पिपरौला में आयोजित कार्यक्रम में निःशुल्क पॉपकार्न मेंकिग मशीनों के वितरण के साथ ही प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए एवं उनका उत्साहवर्द्धन किया गया।

## कैंपस प्लेसमेंट में 19 अभ्यर्थी चयनित

**रोजा, अमृत विचार:** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रोजा में शुक्रवार को एक दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। ताकि अधिक से अधिक आईटीआई पास युवाओं को रोजगार मिल सके। जिसमें दो कंपनियों के अधिकारी पहुंचे।

इस दौरान मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, डेटिंग, पेटिंग सहित अन्य ट्रेड के 24 अभ्यार्थी शामिल हुए। कंपनी के अधिकारियों ने 19 अभ्यर्थियों का चयन किया। प्लेसमेंट में शेपर्स टैलेंट हैमर सर्विस व क्वेस कांप लिमिटेड के अधिकारियों ने अलग अलग ट्रेड के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। रोजगार मेले को संपन्न कराने में प्रधानाचार्य नागेंद्र सिंह, प्लेसमेंट प्रभारी संजीव कुमार भारतीय, अनुदेशक प्रशांत कुमार, सर्वेश कुमार वर्मा, मनोज कुमार, दिनेश कुमार वर्मा आदि का योगदान रहा।

# रोजेदारों ने मांगी रहमतों, बरकतों की दुआ



रमजान माह के पहले जुमा को एक मस्जिद में नमाज अदा करते रोजेदार। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **रमजान के पहले जुमे पर मस्जिदों में उमड़े रोजेदार इफ्तारी में दिख रहा उत्साह**

**अमृत विचार:** पवित्र माह रमजान के पहले शुक्रवार को रोजेदारों ने शांतिपूर्वक नमाज पढ़ी। जुमे की नमाज पढ़ने के लिए मस्जिदों में बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल हुए। इस दौरान सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे। मस्जिदों के आसपास सफाई के विशेष प्रबंध भी किए गए थे। वहीं, शाम को रोजा इफ्तार करने के लिए लोगों में खासा उत्साह दिख रहा है। रोजेदार परिवारों में सामूहिक रूप से इफ्तार कर रहे हैं।

मुस्लिम समाज में वैसे भी जुमे पर नमाज अदा करने का बहुत महत्व होता है, लेकिन जब बात रमजान की होती है, तो यह महत्व कई गुना और बढ़ जाता है। इसी महत्व को देखते हुए रमजान के पहले जुमे को शहर की प्रमुख मस्जिदों समेत गली-मोहल्लों की मस्जिदों में रोजेदार उमड़ते रहे।

सुरक्षा को देखते हुए सभी प्रमुख मस्जिदों और चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। लोगों ने नमाज अदा कर अल्लाह का शुक्रिया अदा किया। घरों पर महिलाओं ने नमाज अदा की। इधर, शाम को रोजेदारों ने घरों और अन्य स्थानों पर सामूहिक रूप से रोजा इफ्तार किया। रात को मस्जिदों में तरावी पढ़ने के लिए भी लोग उमड़ रहे हैं। मस्जिदों में खूब रौनक हो रही है।

## बच्चे भी रख रहे रोजा, परिजन दे रहे तोहफे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



बिलाल खां, महाद खां, मन्नत, मुंतहा

**अमृत विचार:** रमजान के पाक महीने में युवा और बुजुर्ग ही नही, बच्चे भी रोजे रखकर इबादत करने में पीछे नहीं हैं। परिवार के सदस्यों के साथ छह साल तक के कई बच्चे रोजे रखकर रहे हैं और इबादत के इस माह में नेमतें और बरकतें हासिल करने में लगे हैं। रोजा रखने से लेकर नमाज पढ़ने और इफ्तार करने में भी वह बड़े-बुजुर्गों को देखकर उत्साहित हो रहे हैं।



अहजाब खां

एमनजई जलालनगर में आकिल खां और रिजवाना के बेटे अहजाब(6) पहली बार रोजा रख रहे हैं। रोज़ा रखकर नमाज़ पढ़ने की खुशी अहज़ाब से ज़्यादा उसके अम्मी अब्बू को हो रही है। शाम को अहजाब नाना, नानी, चाचा और अपने अम्मी-अब्बू के साथ रोजा इफ्तार करते हैं। इसी मोहल्ले के किराना दुकानदार मोहम्मद नवाज़ खां व हुमा खानम के बेटे मोहम्मद महाद खां (6) और बेटी मुंतहा(11) सहरी खाकर रोज़े रख रही हैं। दोनों बच्चे नमाज़ भी पढ़ते हैं। इफ्तार के वक्त दोनों की खुशी देखते ही बनती है। दादा-दादी बच्चों को तोहफे देकर उनकी हौसला अफजाई कर रहे हैं। इसी तरह मोहल्ला ककरा कलां में रहने वाले राज मिस्त्री शकील खां व समीना की बेटी मन्नत(8) और बेटा मोहम्मद बिलाल खां(12) भी इस बार रमज़ान के सभी रोजे रख रहे हैं।

मदरसा गरीब नवाज से पढ़ाई करने वाली मन्नत की रोजा रखने की आदत को देख हर कोई उसके जज्बे की तारीफ कर रहा है । वहीं, शकील खां का बेटा मोहम्मद बिलाल खां(12) भी खुशी से रमजान के रोजे रख रहा है। वह अपने घर के पास की मस्जिद में नमाज भी पढ़ रहा है।

> रमजान का महीना इबादतों और बरकतों का महीना होता है अल्लाह इस महीने अपने बंदों पर दुआएं लुटाता है, अपनी नेमतों से नवाजता है। उनकी मन्नते पूरी करता है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक इस पाक महीने में अल्लाह की इबादत करनी चाहिए। इसी महीने में अल्लाह तआला खुश होकर अपने बंदों को तोहफे के रूप में ईद से नवाजता है, जो खुशियों का पैगाम लेकर हमारी जिंदगी में आती है। इसलिए सभी मुसलमान भाई इबादत के साथ अपने मुल्क की तरक्की के लिए भी दुआ करें।
> **- हुजूर अहमद मंजरी**, पेश इमाम

**शिक्षा जगत** — एसएस कॉलेज के शिक्षक शिक्षा विभाग में तीन दिवसीय पाठयोजना निर्माण कार्यशाला का समापन

# हमेशा ज्ञान की जिज्ञासा रखने वाला ही होता है श्रेष्ठ शिक्षक




कार्यशाला को संबोधित करते मुख्य अतिथि डॉ. संदीप कुमार मिश्र। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कोडरमा के प्राचार्य डॉ. संदीप मिश्र ने बीएड प्रशिक्षुओं का किया मार्गदर्शन**

**अमृत विचार:** एमएस कॉलेज के शिक्षक शिक्षा विभाग में चल रही तीन दिवसीय पाठ योजना निर्माण कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। अंतिम दिन मुख्य अतिथि झारखंड टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कोडरमा के प्राचार्य डॉ. संदीप कुमार मिश्र ने बीएड द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती है, यह असीमित है। अध्यापक को सदैव ज्ञान की जिज्ञासा रखनी चाहिए।

प्राचार्य डॉ. संदीप ने कहा कि एक कुशल अध्यापक वही है जो स्वयं को सदैव विद्यार्थी समझता रहे। जब हम अपने को हमेशा विद्यार्थी समझेंगे, तभी हमारे अंदर ज्ञान की लालसा रहेगी। विभिन्न व्यवसायों पर गौर किया जाए, तो हम देखते हैं कि एक अयोग्य डॉक्टर, इंजीनियर, उद्योगपति आदि व्यवसायी कुछ लोगों के जीवन को बर्बाद कर सकते हैं, या नष्ट कर सकते हैं, लेकिन एक अयोग्य शिक्षक संपूर्ण समाज को प्रदूषित कर सकता है। प्रोफेसर प्रभात शुक्ल ने कहा कि एक योग्य शिक्षक भी बिना पूर्व योजना अर्थात पाठयोजना के कक्षा में सफल नहीं हो सकता है। कुशल शिक्षण के लिए पाठयोजना अत्यंत आवश्यक है। पाठयोजना में बालक के अर्जित ज्ञान, नवीन ज्ञान, प्रश्न विधि, साधन सामग्री आदि का उपयोग होता है। इससे पहले प्रो. शुक्ल ने तीन दिवसीय कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इससे पहले डॉ. मनोज कुमार मिश्र स्वागत भाषण देते हुए कहा कि आज की प्रतिस्पर्धा भरी ज़िंदगी में सफलता प्राप्त करना एक कठिन कार्य है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि हम जो बनने का प्रयास करें, उसमें ईमानदारी बनी रहे। अखिलेश तिवारी के संचालन में चले कार्यक्रम में डॉ. विनीत श्रीवास्तव, सौरभ मिश्रा, प्रिया शर्मा, अमित गुप्ता, राजीव यादव का योगदान रहा। कार्यशाला संयोजक संजय कुमार ने आभार व्यक्त किया।



एसएस कॉलेज में पाठ योजना निर्माण कार्यशाला में शामिल बीएड प्रशिक्षु। • अमृत विचार




## व्यापारियों के साथ बैठक कर गेहूं भंडार क्षमता निश्चित करने में प्रशासन ने मांगा सहयोग

# बड़े पांच हजार, छोटे व्यापारी 1000 क्विंटल से ज्यादा नहीं कर सकेंगे स्टॉक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- गेहूं की खरीद बढ़ाने के लिए प्रशासन ने शुरू की कवायद
- व्यापारियों की प्रमुख सचिव के साथ लखनऊ में होगी बैठक

**अमृत विचार:** जिले में गेहूं खरीद बढ़ाने के लिए सरकार गंभीर है। इसके तहत भंडार क्षमता निश्चित कर दी गई है। अब बड़े व्यापारी 5000 क्विंटल और छोटे व्यापारी 1000 क्विंटल से ज्यादा गेहूं का भंडारण नहीं कर सकेंगे। ऐसे में व्यापारियों के लिए निश्चित क्षमता से ज्यादा गेहूं खरीदना संभव नहीं होगा। जिससे गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर बिकेगा। प्रशासन ने शुक्रवार को प्रमुख व्यापारियों के साथ बैठक कर सहयोग मांगा है। जिले के चार प्रमुख बड़े व्यापारी लखनऊ में प्रमुख सचिव के साथ बैठक करेंगे ताकि गेहूं की सरकारी खरीद का लक्ष्य पूरा हो सके। जिले में दो साल से गेहूं खरीद की स्थिति निराशाजनक है। दोनों सालों में कुल एक लाख क्विंटल भी खरीद नहीं हो सकी है। यह आंकड़ा लक्ष्य के सापेक्ष दो प्रतिशत भी नहीं है। दोनों साल किसानों ने गेहूं निजी आढ़त और फ्लोर मिल पर बेच दिया। ऐसे में दूसरे प्रदेशों से गेहूं मंगवा कर जनता को खाद्य सुरक्षा कानून के तहत दिया गया। एक बार फिर वही हाल होने की आशंका जताई जा रही है। इसी के चलते खरीद बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जिले को 3 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया गया है। 2275 रुपये प्रति कुंतल समर्थन मूल्य रखा गया है। किसानों को जो 20 रुपये गेहूं सेंटर पर उतरवाई और छनाई के देने पड़ते हैं वह भी किसानों के खाते में सरकार वापस भेजेगी। किसानों के खाते में प्रति क्विंटल के हिसाब से 2295 रुपये जाएंगे। सरकारी केंद्रों पर बेचने से पहले किसानों को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। बैठक में एडीएम संजय कुमार पांडेय व डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडेय समेत व्यापारी शामिल रहे।

> किसान 18001800150 पर कॉल कर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 5300 किसानों ने पंजीकरण कराया है। मुख्य सचिव की ओर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर खरीद बढ़ाने का लक्ष्य दिया है। **-राकेश मोहन पांडेय,** जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी

### किसानों के घर से खरीदा जाएगा गेहूं

डिप्टी आरएमओ ने बताया कि इस बार मोबाइल परचेज की व्यवस्था लागू होगी। जिसके तहत किसानों के घर से भी गेहूं की खरीद की जाएगी। अगर कोई किसान घर से गेहूं बेचने की इच्छा जताता है तो विभाग की ओर से ट्रक भेज कर गेहूं खरीद कर लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को गेहूं बेचने में कोई परेशानी नहीं होगी।




अधिकारी और व्यापारियों के साथ बैठक करते एडीएम संजय कुमार पांडेय व डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडेय। ● अमृत विचार

### निविदा कर्मी से हाथापाई

**सेहरामऊ दक्षिणी।** सेहरामऊ दक्षिणी के गांव कुंवरडांडा निवासी निविदा कर्मी हरीश चंद्र ने बताया कि विद्युत बिल की बकाया वसूली के लिए टीम के साथ गांव सिउरा व सिंगरहा में वसूली करने के लिए गए थे। संयोजन विच्छेदन की कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति ने गाली-गालौज करते हुए हाथापाई की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। उन्होंने मांग की है कि रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाए। एसओ रोहित सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** गढ़िया रंगीन थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने बताया कि अभियुक्त राजीव कुमार कस्बा निवासी गढ़िया रंगीन के खिलाफ एक सप्ताह पूर्व दुष्कर्म आदि की धारा का मुकदमा दर्ज किया गया था। युवक ने खेत पर किशोरी को पकड़ उसके साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने फरार आरोपी राजीव कुमार को कस्बे में पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।




# रिपोर्ट दर्ज न होने पर पार्षदों ने घेरा थाना, किया धरना-प्रदर्शन

## सदर बाजार थाना पुलिस के खिलाफ की नारेबाजी, पुलिस कर्मियों पर लगाया समझौते का दबाव बनाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** नगर निगम पार्षद के भतीजे की पिटाई के मामले में रिपोर्ट दर्ज न करने पर पार्षदों ने थाना सदर बाजार का घेराव कर गेट पर धरना दिया। पार्षदों ने पुलिस के विरोध में जमकर नारेबाजी की। आरोप लगाया कि पुलिस रिपोर्ट दर्ज न कर समझौते के लिए दवाब बना रही थी। जिस कारण पार्षदों को धरना देना पड़ा। सीओ सिटी के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इस दौरान अर्द्धसैनिक बल और पुलिस चौकी का फोर्स भी थाने में मौजूद रहा।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला तिलहर जई निवासी नरेश चंद्र मौर्य वार्ड संख्या 33 के नगर निगम के पार्षद है। उनका भतीजा हर्षित मौर्य गुरुवार की रात नौ बजे मेडिकल स्टोर पर बाइक से दवा लेने जा रहा था। रास्ते में आरोपी दीपक, कौशल, नानक मिश्रा ने उसकी बाइक रोक ली और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पार्षद के भतीजे को पीटकर घायल कर दिया। इस दौरान काफी भीड़ लग गई। पुलिस मौके पर पहुंची और पार्षद के भतीजे हर्षित व कौशल को पकड़कर थाना सदर बाजार ले आई। सूचना मिलने पर रात दस बजे पार्षद अपने साथियों के साथ थाना सदर बाजार पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह से बात की। उन्होंने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। वह अपने भतीजे को रात में थाने से ले आए थे।

पार्षद ने आरोप लगाया कि उनके भतीजे को पुलिस थाने में बिठा लिया था और आरोपी कौशल को छोड़ दिया था। शुक्रवार की दोपहर 12 बजे पार्षद नरेश चंद थाना सदर बाजार आए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज न करके समझौता के लिए दबाव बनाया और कहा कि दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

उन्होंने कहा कि दूसरा पक्ष नहीं है तो उसकी रिपोर्ट कैसे दर्ज की जाएगी। इस दौरान नगर निगम के तमाम पार्षद थाना सदर बाजार पहुच गए और थाने का घेराव करके धरने पर बैठ गए। पार्षदों ने पुलिस के विरोध में जमकर नारेबाजी की। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने पार्षदों को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन पार्षद रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग पर अड़े थे। इस दौरान सीओ सिटी वीएस वीर कुमार सिंह थाना सदर बाजार पहुंचे। इस दौरान पार्षदों ने आरोप लगाया कि पुलिस रिपोर्ट दर्ज न करके जबरन समझौते के लिए दबाव बना रही है। सीओ सिटी ने सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिए कि रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई करें।



सदर बाजार कोतवाली गेट पर नारेबाजी करते पार्षद। ● अमृत विचार

- पार्षद के भतीजे से मारपीट में दर्ज नहीं हो रही थी रिपोर्ट



धरने पर बैठे पार्षदों से वार्ता करते सीओ वीएस वीर कुमार। ● अमृत विचार

### सीओ के निर्देश पर दर्ज हुआ मामला

पुलिस ने पार्षद नरेश चंद्र के भतीजे हर्षित की तहरीर पर आरोपी कौशल, दीपक, नानक मिश्रा निवासी मदरा खेल थाना सदर बाजार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। थाना का घेराव करने में पार्षद दिवाकर मिश्रा, अनूप गुप्ता, दिलीप, रोजा के पूर्व चेयरमैन अजय गुप्ता उर्फ पोता आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### पुलिस दर्ज नहीं कर रही रिपोर्ट

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार के एक मोहल्ले की महिला ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि 28 फरवरी को आरोपी उसके जीने की दीवार तोड़कर अपनी दीवार खड़ी करने लगे। विरोध करने पर उसे मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने थाने में तहरीर दी और रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई थी। आरोप है कि 13 मार्च को रात दस बजे आरोपी घर में घुस गए और छेड़छाड़ करने लगे। मारपीट के दौरान सोने कुंडल, चेन लूट ली। देवर बचाने आया तो उसे भी पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित महिला ने मांग की है कि रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाए। एसपी ने सीओ सिटी को जांच सौंपी है।

# केपी सिंह का तबादला, डॉ. विपिन बने नगर आयुक्त



नगर आयुक्त डा. विपिन कुमार मिश्र का स्वागत करते निगम अधिकारी।

- पदभार ग्रहण कर होली पर्व को लेकर मूलभूत सुविधाओं व साफ-सफाई के दिशा-निर्देश दिए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** कामता प्रसाद सिंह का शासन ने तबादला कर दिया है। डॉ. विपिन कुमार मिश्र को महानगर का नया नगरायुक्त बनाया गया है।

केपी सिंह जिले में मात्र 44 दिन रहे। उनका तबादला गुरुवार रात लखनऊ कर दिया गया था। जबकि उनकी जगह पर अपर खाद्य आयुक्त व सतर्कता सचिव डॉ. विपिन कुमार मिश्र को नगर आयुक्त बनाकर भेजा गया है। मिश्र ने शुक्रवार की देर शाम नगर निगम कार्यालय में आकर विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वहीं नगरायुक्त रहे कामता प्रसाद को रिलीव कर दिया गया है। उनको लखनऊ में अपर खाद्य आयुक्त एवं सतर्कता सचिव सतर्कता आयोग की जिम्मेदारी दी गई है।

नवागत नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र ने शुक्रवार की देर शाम आकर चार्ज लेकर निगम अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर होली पर्व को लेकर मूलभूत सुविधाओं व साफ-सफाई के दिशा-निर्देश दिए। निगम अधिकारियों ने नवागत नगर आयुक्त को बुके देकर स्वागत किया।

# ऑपरेशन कराने के बाद चली गई आंख की रोशनी

संवाददाता, खुटार

- पीलीभीत के डॉक्टर पर गलत तरह से ऑपरेशन किए जाने का लगाया आरोप
- पीड़िता ने मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार:** खुटार निवासी एक महिला ने डेढ़ माह पहले आंख का ऑपरेशन पीलीभीत में कराया था, जहां गलत तरीके से ऑपरेशन कर देने से उसकी आंख की रोशनी चली गई। मामले में पीड़ित ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के गांव रौतापुर कलां निवासी राम बहादुर की पत्नी सुदामा देवी ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत में बताया कि वह गरीब तबके की महिला है। मजदूरी कर अपना भरण पोषण करती है। 28 जनवरी 2024 को आंख का इलाज कराने पीलीभीत के कस्बा सेहरामऊ उत्तरी के कजरी निरंजनपुर में स्थित राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल मेडिकेयर अस्पताल में गई थी। आयुष्मान कार्ड के जरिये डॉक्टरों ने उसकी आंख का ऑपरेशन किया था। दवाई देने के बाद घर भेज दिया था लेकिन ऑपरेशन वाली आंख से कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा था। हॉस्पिटल में दिखाने गई तो दवा देकर वापस भेज दिया था। दवा खाने के बाद भी आराम नहीं मिला। तीसरी बार जाने पर कह दिया गया कि आंख पूरी तरह से खराब हो गई और अब ठीक नहीं होगी। आरोप है कि धक्का मुक्की कर अस्पताल से भगा दिया था। पीड़ित सुदामा देवी ने एक निजी चिकित्सक के यहां आंख का चेकअप कराया। जांच करने पर पता चला कि आंख का गलत तरीके से ऑपरेशन हुआ है। जिससे आंख खराब हो गई है और अब इसका इलाज संभव नहीं है। पीड़िता सुदामा देवी का कहना है कि डॉक्टर ने गलत तरीके से आंख का ऑपरेशन कर दिया। जिससे आंख की रोशनी चली गई। मुख्यमंत्री से शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

> महिला द्वारा आंख का ऑपरेशन कराया गया था। नियमानुसार दवा नहीं लेने की वजह से महिला की आंख में दिक्कत हुई है। जिसे दिखावाया जाएगा। महिला के साथ धक्का मुक्की और अस्पताल से भगाने का आरोप निराधार है। **-डॉ. सुनील कुमार,** राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल मेडिकेयर अस्पताल, कजरी निरंजनपुर

## नसबंदी के बाद भी हो गई गर्भवती

संवाददाता, जलालाबाद

- जांच कराने पर हुई जानकारी मुख्यमंत्री को संबोधित शिकायती पत्र एसडीएम को सौंपा
- नसबंदी प्रमाण पत्र देने में कर रहे थे आनाकानी, एसडीएम के आदेश पर दिया प्रमाण पत्र

**अमृत विचार:** नवंबर 2022 में नसबंदी कराने वाली महिला गर्भवती हो गई। चेकअप कराए जाने पर गर्भधारण की स्थिति सामने आने पर महिला ने मुख्यमंत्री को संबोधित शिकायती पत्र एसडीएम को सौंपा है।

गांव मुडिया कला निवासी मीरा देवी पत्नी नंदलाल ने बताया कि उसने नवंबर 2022 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद में नसबंदी कराई थी। नसबंदी के बाद उसे प्रमाण पत्र नहीं दिया गया। जब महिला ने प्रमाण पत्र मांगा, तो अस्पताल वाले आना-कानी करते हुए दो साल चक्कर लगवाते रहे। इस दौरान महिला ने चेकअप कराया तो वह चार माह की गर्भवती निकली। इस पर उसने नसबंदी के दौरान बरती गई लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रमाण नहीं दिए जाने का मुख्यमंत्री को संबोधित शिकायती पत्र एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार को सौंपा। इस पर एसडीएम ने स्वास्थ्य अधिकारियों से वार्ता कर महिला को नसबंदी कराने का प्रमाण पत्र दिलवाया गया और नसबंदी में बरती गई लापरवाही की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। वहीं अस्पताल में तैनात बीसीपीएम विमलेश यादव ने बताया कि एक-आध प्रतिशत मामले में गड़बड़ होता है, महिला को शासन की ओर से 60 हजार के हर्जाने की सिफारिश की जाएगी।

# टैंकर ने रोडवेज बस को मारी टक्कर, खाई में गिरते ही मची चीख-पुकार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- हाईवे पर मौजमपुर गांव के पास टिकट चेकिंग के लिए सड़क किनारे खड़ी थी बस
- चालक टैंकर छोड़कर फरार बाल-बाल बचे यात्री, दूसरी बस से गंतव्य को रवाना किया

**अमृत विचार:** नेशनल हाईवे पर गांव मौजमपुर के पास टिकट चेकिंग के दौरान तेज रफ्तार टैंकर ने रोडवेज बस में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बस खाई में चली गई। घटना से यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। जैसे-तैसे यात्रियों को बाहर निकाला गया और दूसरी बस से गंतव्य को रवाना किया गया। गनीमत रही कि किसी को कोई गंभीर चोटे नहीं आईं। चालक टैंकर को छोड़कर भाग गया, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। बस चालक की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

बरेली के थाना नवाबगंज के गांव जिगनिया भगवंतपुर निवासी संजीव कुमार ने बताया कि बरेली डिपो में संविदा चालक के पद पर है। 13 मार्च को बरेली से रुपैडिया बस लेकर जा रहा था। उसके साथ संविदा परिचालक सुमित पाराशर थे। हाईवे पर मौजमपुर गांव के सामने रात 11:30 बजे निरीक्षक दल ने वाहन को संकेत देकर रुकवाया। बस रोड के किनारे खड़ी किया। निरीक्षक दल बस के अंदर यात्रियों से टिकट चेक कर रहा था। तभी बरेली दिशा की तरफ से आ रहे टैंकर ने बस को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बस उतरकर सड़क के किनारे खाई में चली गई। बस का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सवारियों को मामूली चोट आईं। चालक टैंकर छोड़कर भाग गया। सवारियों को दूसरी बस से गंतव्य स्थान के लिए भेजा गया। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि टैंकर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इधर कांट क्षेत्र के गांव जसनपुर निवासी अनूप मौर्य ने बताया कि 13 मार्च को दिन में एक बजे मैगलगंज से कार से बरेली मोड़ की तरफ आ रहा था। उन्होंने अटसलिया पुल के निकट वाहन खड़ा कर दिया और लघुशंका करने के लिए चले गए। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने कार को साइड से टक्कर मार दी, जिससे कार का एक दरवाजा टूट गया। रोजा पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### शराब बनाते एक पकड़ा 250 ली. लहन किया नष्ट

**रोजा, अमृत विचार :** रोजा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब की भट्ठी चलाते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब, शराब बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। वहीं करीब 250 लीटर बरामद लहन नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि अजीजपुर गांव में ध्रुव अपने घर में अवैध रूप से भट्ठी संचालित कर कच्ची शराब बनाकर बेच रहा है। चौकी इंचार्ज प्रांचल यादव, हेड कांस्टेबल ओमकार सिंह, सौरभ सिंह व अर्जुन सिंह आदि ने टीम के साथ छापेमारी कर मौके से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके घर से 40 लीटर कच्ची शराब, भट्ठी व शराब बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। करीब 250 लीटर बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपित का चालान कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि उसपर छह से ज्यादा मुकदमें पहले से दर्ज हैं।

दिशा-निर्देश

## सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक, जनपद को मिली 18वीं रैंकिंग

# अनुपस्थित मंडी सचिव, अधिशासी अभियंता आरईडी को नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- डीएम ने दिए वेतन रोकने के निर्देश, जघन्य अपराधों में सी श्रेणी मिलने पर जताई नाराजगी

**अमृत विचार:** विकास भवन सभागार में शुक्रवार को सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई। डीएम ने अनुपस्थित मंडी सचिव और अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही दोनों अधिकारियों का वेतन भी रोक दिया।

सीएम डैशबोर्ड पर फरवरी में जनपद की रैंकिंग 18वीं आई है। खराब प्रगति वाली योजनाओं के संबंध में डीएम ने संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। सचेत करते हुए कहा कि अधिकारी सीएम डैशबोर्ड पर विभागीय प्रगति से संबंधित आंकड़ों को समय से फीड करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने नगर निगम, एआरटीओ, रेवन्यु, विद्युत विभाग, आबकारी, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, पीएम पोषण, निराश्रित गोवंश, मतस्य योजना, निराश्रित महिला पेंशन, लोक निर्माण विभाग, गन्ना विभाग, एमएसएमई सहित अन्य योजनाओं, विभागों की समीक्षा की।

अभियोजन के प्रकरणों में जघन्य अपराधों में सी श्रेणी प्राप्त होने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। अपर पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ प्रकरण विवेचना के स्तर पर लंबित हैं। जिस कारण रैंकिंग खराब है। डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि पुराने प्रकरणों की जल्द विवेचना पूरी कराई जाए। जिन प्रकरणों में अधिक समय से विवेचना लंबित है उनसे संबंधित अभियोजकों का उत्तरदायित्व निर्धारित करने के निर्देश भी दिए। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की ओर से अवगत कराया गया कि पोर्टल पर तकनीकी समस्या के कारण सही रैंक प्रदर्शित नहीं हो रही। डीएम ने आयुक्त से समन्वय कर समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिये। जल निगम की पूरी परियोजनाओं का जीओ टैग कराकर निदेशक सूडा को प्रेषित करने के निर्देश दिए। एडीएम एफआर को टीम गठित कर जनपद में अवैध संचरण रोकने के निर्देश दिए। स्टांप और रजिस्ट्रेशन में सी श्रेणी प्राप्त होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार के निर्देश दिए। अधिकारियों से कहा कि वह अपने विभाग की ओर से संचालित सभी परियोजनाओं की प्रगति को ट्रैक करें। निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन डाटा को सीएम डैशबोर्ड पर भरना सुनिश्चित करें। बैठक में सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह, एडीएम वित्त डॉ. सुरेश कमार, डीडीओ पवन कुमार सिंह, सीएमओ डॉ. आरके गौतम आदि मौजूद रहे।




सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा बैठक करते डीएम उमेश प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

### दुर्घटनाओं में बाइक सवार तीन युवक घायल

**खुटार/पुवायां, अमृत विचार :** गोला रोड पर शुक्रवार शाम करीब सात बजे रायटोला मोड़ के पास कार और बाइक की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में नगर के मोहल्ला देवीस्थान निवासी पंकज सक्सेना और उनके साथी जयदेव श्रीवास्तव घायल हो गए। दोनों गांव मोहरेया के समीप खेत से बाइक लेकर लौट रहे थे। राहगीरों ने हादसे की सूचना पर एंबुलेंस को देकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी पाकर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और पुलिस को सूचना दे दी। डॉक्टर ने गंभीर घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। परिजनों के मुताबिक, दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है। पुवायां। निगोही रोड पर शुक्रवार शाम पांच बजे नारायणपुर बैजू के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे गांव नबाबपुर निवासी सुनील गुप्ता घायल हो गए। घायल को एंबुलेंस से पुवायां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टर ने उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सुनील कुमार को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

# आधुनिकता के दौर में मंदा हो गया हुनरमंदों का धंधा

## मशीनों के युग में दम तोड़ रहा पेंटिंग का व्यवसाय, लोगों के सामने जीविकोपार्जन का संकट

संवाददाता, जमुका/रोजा


स्वच्छता मिशन के तहत हो रही वॉलपेंटिंग, जिससे लगा अभी जिंदा है हुनर।

**अमृत विचार:** बदलते समय में हाथों से होने वाले काम अब अधिकतर मशीनों से होने लगे हैं। आधुनिकता के इस दौर में मशीनरी का फर्क पेंटरों पर भी पड़ा है। अब ज्यादा मात्रा में पेंटिंग से बैनर ही बनते हैं और न ही बोर्ड। जिससे इस बदलते परिवेश में हुनरमंदों का धंधा मंदा हो गया है। उनके सामने जीविकोपार्जन का संकट भी खड़ा हो रहा है। गनीमत है कि स्वच्छता मिशन के तहत वॉलपेंटिंग अभी जिंदा है।

गांव बल्लिया निवासी बटेश्वर राठौर जो कि करीब 36 सालों से पेंटिंग कार्यों में जुड़कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते चले आ रहे हैं। उनके साथ में ही अनूप कुमार पेंटर, लालाराम पेंटर चंदन राठौर पेंटर बताते हैं कि पहले पेंटरों के पास बैनर, बोर्ड आदि बनवाने के लिए लाइन लगी रहती थी। चुनाव में तो काफी पहले से ही बैनर बनवाने की बुकिंग होने लगती थी

- **फ्लेक्स मशीनों के चलन से अब नहीं बनते बैनर, बोर्ड**
- **बीते वर्षों के दौरान चुनाव में पहले से ही हो जाती थी बुकिंग**

लेकिन अब समय बदल गया है अब फ्लेक्स और होर्डिंग बनने लगीं हैं। फ्लेक्स मशीनों से लोग छपाई करने लगे हैं, जिसका फर्क उनके काम पर पड़ा। धीरे-धीरे काम लगभग बंद ही हो गया है। बोले, अब स्कूलों से होने वाली वॉल पेंटिंग का काम मिल जाता है । जिसके चलते जैसे-तैसे गुजर बसर हो रही है। पहले लोग पेंटिंग के हुनर को सीखने की कोशिश करते थे। तमाम लोग काम सीखने के लिए आते थे, लेकिन अब समय बदल गया। पेंटर बताते हैं कि गाड़ी में अगर नंबर प्लेट पर नंबर डलवाना होता था, तो पेंटर की खोज की जाती थी और गाड़ी पर नंबर लिखवाया जाता था व गाड़ी को अन्य किसी रूप से पेंटर के द्वारा सजाया जाता था, तो भी उसे पेंटर के द्वारा ही कराया जाता था। अब समय बदल गया है, नंबर प्लेट कंपनी से ही आने लगी हैं और लिखने व गाड़ी को सजाने के लिए स्टिकर आदि की सुविधा हो गई है। अब केवल वॉल पेंटिंग का काम ही बचा है, जिसके चलते गुजर बसर हो रही है।

### बोले पेंटर:अब काम कम है, ढूंढ रहे दूसरा रोजगार


पहले पेंटर गिरी के काम में हम लोगों को खास तौर पर चुनाव के वक्त सबसे ज्यादा कमाई होती थी, बदलते समय ने सबकुछ बदल दिया है। अब होर्डिंग, बैनर आदि सब कुछ मशीनों के द्वारा ही काम होने लगे हैं। जिसके चलते अब हम लोगों को काम बहुत कम मिलता है। **-चंदन राठौर**


जिस समय पेंटरगिरी की शुरुआत की थी, तो उसे समय अच्छी खासी इनकम हो रही थी, मोटर साइकिल पर नंबर डालना, मोटरसाइकिल को डेकोरेट करना आदि काम मिलते थे, जो कि अब सब कुछ बंद हो गए हैं।अब घर का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। दूसरा रोजगार ढूंढ रहे हैं। **-लालाराम**


पेंटरगिरी का काम एक तरह से बिल्कुल खत्म ही हो गया है। एक जमाना था कि हमारी दुकान थी, जिस पर हर समय भीड़ बनी रहती थी, काम सीखने के लिए लोग आते थे, लेकिन अब समय के साथ सब कुछ बदल गया है। पेंटरगिरी से तो बस अब जैसे-तैसे गुजर बसर हो रही है। **-अनूप कुमार**


स्वच्छता मिशन के अंतर्गत जो भी पेंटर के द्वारा कार्य किए जा रहे हैं, उन्हें काम लगातार मिल रहे हैं। लेकिन अब वह दौर तो लगभग खत्म होता रहा है कि दुकान खोलकर रोजी-रोटी कमा लो। अगर वॉल पेंटिंग का काम न मिले तो घर का खर्च चलाना मुश्किल हो जाए। **-बटेश्वर राठौर**

# सतर्कता: खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लिए 12 नमूने

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** होली पर्व पर खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ चेकिंग अभियान खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में शुक्रवार को अभियान में सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड द्वितीय चंद्रशेखर मिश्र के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम, नायब तहसीलदार तिलहर, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवि शर्मा और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की ओर से तिलहर तहसील क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए लगभग 20 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। संदेह के आधार पर 4 खाद्य पदार्थ (खोया, नमकीन सेव, छेना तथा ब्रेड) के नमूने संग्रहित किये गये। इससे पूर्व जैतीपुर तथा गढ़िया रंगीन क्षेत्र में 8 खाद्य पदार्थ (बेसन के तीन नमूने, आटा, मिर्च, धनिया, सरसों का तेल) लेकर जांच को लखनऊ प्रयोगशाला भेजा गया। सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड द्वितीय चन्द्रशेखर मिश्र की ओर


तिलहर में नमूने लेते टीम के सदस्य।

- **सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से की गई छापामार कार्रवाई**

से व्यापारियों को निर्देशित किया गया कि उनके द्वारा प्राप्त किये गये रजिस्ट्रेशन जो लाइसेंस की श्रेणी में आते हैं, सात दिनों के अंदर लाइसेंस में परिवर्तित कर लें। अन्यथा के स्थिति में उनके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई होली तक चलती रहेगी।

# शांतिभंग में पाबंद करने पर सफाई कर्मचारियों में रोष

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** होली के पर्व को लेकर पुलिस द्वारा लोगों को शांतिभंग में पाबंद किया जा रहा है। चौक कोतवाली पुलिस ने नगर निगम के दो दर्जन ठेका सफाई कर्मचारियों को पाबंद कर दिया। सफाई कर्मचारियों के घर जब नोटिस पहुंचा तो उनको जानकारी हुई। सफाई कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। नगर निगम के पार्षद ने सीओ सिटी से इस संबंध में बात की और आश्वासन दिया कि नाम वापस हो जाएंगे।

चौक कोतवाली के मोहल्ला वजीरगंज वार्ड संख्या 45 में आता है। पुलिस चौकी पाकड़ के दरोगा व सिपाहियों ने नगर निगम के ठेका सफाई कर्मचारी गनेश, दिनेश, आर्यल, रवि, अरुण, रोहित, मोतीलाल, रितिक, अमरदीप, नीरज, गौतम, सूरज, उमेश,

- **पार्षद ने सीओ सिटी से मिलकर की सिपाहियों की शिकायत**

विनोद, अभिषेक, टीटू, सोनू, सोनू, दिलीप, शुभम, मुन्ना, राजा, नन्हे आदि को होली के पर्व को लेकर 107,116 में पाबंद कर दिया था। गुरुवार को पाकड़ चौकी का सिपाही नोटिस लेकर पहुंचा। और उक्त लोगों से कहा कि नगर मजिस्ट्रेट के यहां बांड भरेगा। सफाई कर्मियों ने कहा कि पहले तो कभी पाबंद नहीं हुए। सिपाही मोहल्ले में जानकारी करने भी नहीं आया। सफाई कर्मचारी पार्षद अनूप गुप्ता से मिले और पाकड़ पुलिस पुलिस चौकी की शिकायत की। कर्मचारियों ने कहा पुलिस चौकी में बैठकर पाबंद किया गया है। इससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। पार्षद अनूप गुप्ता सीओ सिटी वीएस वीरकुमार सिंह से बात की। सीओ ने आश्वासन दिया कि नाम वापस हो जाएंगे।

# कांशीराम ने दलितों, पिछड़ों में जगाई राजनैतिक चेतना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बहुजन समाज पार्टी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को पार्टी के संस्थापक कांशीराम की 90 वीं जयंती शहर के एक मैरिज हॉल में मनाई। इस दौरान बरेली मंडल प्रभारी ब्रह्मस्वरूप सागर मुख्य अतिथि और शाहजहांपुर-पीलीभीत मंडल प्रभारी राम सनेही गौतम एडवोकेट विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

इस दौरान बरेली मंडल प्रभारी ब्रह्मस्वरूप सागर ने कहा कि कांशीराम ने दलितों में राजनैतिक चेतना जगाने का काम किया। उनके इस मिशन को मायावती ने आगे बढ़ाते हुए दलितों को उनका हक दिलाने का काम किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां केवल वोट बैंक की राजनीति करती हैं, जबकि बसपा ने सर्व समाज के हितों को लेकर काम किया है। शाहजहांपुर-पीलीभीत मंडल प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से लोकसभा



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते बसपा बरेली मंडल प्रभारी ब्रह्मस्वरूप सागर।

- **कार्यकर्ताओं ने बसपा के संस्थापक कांशीराम की 90 वीं जयंती मनाई**

चुनाव में जुट जाने की अपील की। जिलाध्यक्ष डॉ. राधेश्याम भारती एडवोकेट की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पार्टी को और मजबूत किए जाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से सरदार परमजीत सिंह और एडवोकेट आदर्श कुमार गौतम ने किया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष जदुवीर गौतम, राजेश्वर सिंह जाटव, बलकरन गौतम, संतनन पाल गौतम, भरतपाल सिंह,अब्दुल शोईद खां, अजय सागर, अरविंद वर्मा, अमित वाल्मीकी, सर्वेश कुमार गंगवार, हरीश कुमार गंगवार, रोहित पटेल, दिनेश कुमार आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### कांशीराम ने दिलाए दलितों को संवैधानिक अधिकार


शिक्षक संघ की गोष्ठी में कांशीराम को याद करते शिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** प्रांतीय अनुसूचित जाति/जनजाति बेसिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में दलितों, वंचितों को उनके अधिकार दिलाने वाले राजनीति के पुरोधा कांशीराम की जयंती शुक्रवार को बुद्ध विहार में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर संघ के प्रांतीय महामंत्री विश्राम सिंह ने कहा कि कांशीराम ने दलितों और पिछड़ों को उनके संवैधानिक अधिकारों को दिलाने का कार्य किया। प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगरे लाल ने कहा कि कांशीराम ने समाज के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। प्रांतीय कोषाध्यक्ष सियाराम दिनकर ने कांशीराम को याद करते हुए कहा कि उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। गोष्ठी की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष अजय वर्मा ने और संचालन महामंत्री विनोद कुमार ने किया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने कांशीराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। गोष्ठी में बृजेश कुमार, हरिश्चंद्र आनंद, चंद्रकांत भारती, राजीव बौद्ध, विनोद सम्राट, राजीव कुमार बौद्ध, अखिलेश बौद्ध, योगेश कुमार, महेंद्र पाल कठेरिया, पवन सिंह दिनकर, सुधीर कुमार, अरविंद वर्मा, कर्मवीर सिंह, नरोत्तम सिंह, धनपाल, सुनील कुमार वर्मा, रमेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

Lifelines
MEDICAL
OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जॉंच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
• डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
• दिल सम्बन्धित बीमारियां
• शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
• बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
• थायराइड, गठिया, खून की कमी
• जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
• दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
• लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
• गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समय: प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक
रविवार को अवकाश रहेगा।
पता:- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्र:- 7895161674, 7906502059

# 18 से कम उम्र के किशोरों को तंबाकू उत्पाद बेचना अपराध

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की तरफ से मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय प्रांगण में शुक्रवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रदेश प्रबंध समिति के सदस्य एवं अशासकीय सचिव डॉ. विजय जौहरी ने विचार रखते हुए उपस्थित आशाओं व एएनएम को बताया कि भारत में वर्ष 2003 में सिगरेट व अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम पारित किया गया। जिसके अंतर्गत अस्पताल, बस, ट्रेन, टैक्सी आदि स्थानों पर धूम्रपान निषेध किया जा चुका है। 18 वर्ष से कम आयु

- **तंबाकू नियंत्रण पर रेड क्रॉस सोसाइटी ने की गोष्ठी**

के व्यक्तियों को तंबाकू उत्पाद नहीं बेचे जा सकते। इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से तंबाकू के उत्पादन के लिए प्रसार-प्रसार किया जाना निषेध है। इसी को लेकर भारत सरकार की ओर से वर्ष 2007 में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। डॉ. जौहरी ने आशाओं व एएनएम से कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाने का आग्रह किया। इस दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला प्रबंधन समिति के सदस्य अनुज जौहरी, पातीराम दीक्षित, राजेश भटनागर, अग्रज जौहरी, कौशिक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने चकबंदी प्रक्रिया पर उठाए सवाल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सदर तहसील के ब्लॉक मदनापुर के ग्राम सिकंदरपुर कलां के ग्रामीणों ने शुक्रवार को डीएम को संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन एडीएम न्यायिक राशिद अली खान को सौंपा। जिसमें चकबंदी प्रक्रिया में व्याप्त अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की।

ज्ञापन में आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम सिकंदरपुर कलां में पुरानी नवीन परती व खलिहान की भूमि की गलत रूप से कीमत लगा दी गई। जिसे रुपये लेकर काश्तकारों में बांट दिया गया। आकार पत्र 11 व आकार पत्र 23 में ठीक से मिलान नहीं किया गया है और तिथियां फर्जी अंकित की गई हैं। चकबंदी से चक मुकदमे लंबित चल रहे हैं, जिनकी संख्या चकबंदी


कलेक्ट्रेट में शिकायत पत्र देने पहुंचे ग्रामीण। ● अमृत विचार

- **एडीएम न्यायिक को पत्र सौंपकर की जांच करने की मांग**
- **कहा- गांव में मानक के अनुसार नहीं हुई चकबंदी**

अधिकारी व बंदोबस्त अधिकारी न्यायालय लगभग 140 है। जिसका अधिकारियों पर दबंगों का दबाव होने के कारण निस्तारण नहीं किया जा रहा है। कोरोना काल के दौरान गांव में मनमाने ढंग से चक काटे गए। जिसकी जांच कराई जाए। ज्ञापन देने वालों में रमेश सिंह, बबलू सिंह, राजबहादुर सिंह, सचिन प्रताप सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, मुकेश, पवन, श्यामवीर, मुनीश्वर, गोविंद, गौरव, सुनील कुमार सहित कई ग्रामवासी मौजूद रहे।

अलर्ट

### एसडीएम और सीओ की ओर से सुलह-समझौते के प्रयास रहे नाकाम

# नहीं निपटा विवाद, गुरुद्वारा में अलग-अलग लगे होला मेले

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** नेशनल हाईवे स्थित बंथरा गुरुद्वारा में सिख समुदाय के द्वारा लगने वाले तीन दिवसीय होला मेले के आयोजन को लेकर दो भाइयों में चल रहा विवाद प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के समझाने के बाद भी नहीं सुलझ पाया। वार्ता विफल होने पर शुक्रवार को दोनों पक्षों के लोगों को अलग-अलग आयोजन करने के निर्देश दिए गए। दोनों पक्षों में विवाद न हो जाए, इसको लेकर कोतवाल सुरेंद्र पाल सिंह ने गुरुद्वारे पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया।

नेशनल हाईवे स्थित ग्राम बंथरा के प्रधान जगतपाल सिंह के नेतृत्व में गुरुद्वारा के सेवादार विशाखा सिंह ने अपने भाई गुरबख्श सिंह निवासी खुटार और उनके साथियों पर गुरुद्वारा में होने वाले होला मेला


गुरुद्वारा में मेले के दौरान उपस्थित सिख समुदाय के लोग। ● अमृत विचार


गुरुद्वारा में तैनात पुलिस फोर्स। ● अमृत विचार

- **मेला स्थल पर तैनात किया गया पुलिस फोर्स, तीन दिन तक होगा मेले का आयोजन**

में झगड़ा फसाद करने का आरोप लगाते हुए तमाम ग्रामीणों के साथ मिलकर पुलिस को तहरीर दी, तो वहीं धार्मिक विवाद होने के कारण कोतवाल सुरेंद्र पाल सिंह ने इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। अधिकारियों के निर्देश पर गुरुवार की देर शाम एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ, सीओ प्रयांक जैन व कोतवाल सुरेंद्र पाल सिंह ने गुरुद्वारा पहुंचकर दोनों पक्षों के लोगों से वार्ता की। गुरुद्वारा एवं उसकी जमीन को लेकर दोनों पक्ष के लोग अपना स्वामित्व बताने लगे। स्वामित्व को लेकर खुटार में रह रहे भाई गुरुबख्श सिंह ने बताया कि उनके द्वारा कोर्ट में भी मुकदमा डाला गया है। अधिकारियों ने दोनों भाइयों में सुलह करने का प्रयास किया लेकिन मामला नहीं निपटा। इसके बाद दोनों पक्षों के लोगों को गुरुद्वारा के निकट अलग-अलग दिशाओं में अपना अपना कार्यक्रम करने की नसीहत दी गई। कोतवाल सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि आगे विवाद और न हो इसको लेकर गुरुद्वारा पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

> गुरुद्वारा परिसर में होला मेला आयोजन को लेकर दोनों पक्षों से वार्ता की गई लेकिन कोई पक्ष मानने को तैयार नहीं हो रहा था, स्वामित्व को लेकर मामला कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों को अलग-अलग मेला आयोजन करने के लिए कह दिया है, एहतियातन पुलिस बल भी तैनात किया गया है।
>
> -ज्ञानेंद्र नाथ, एसडीएम

